यक्ष	Yaksha	Yakshas, beneficial demons like Kubera	यक्ष	यक्ष
असुर	Asura	Asuras, demons like Daityas, Danavas and Rakshyasas	राक्षस और	राक्षस
सिद्ध	Siddha-	Siddhas, eight Siddhas like Kapil Muni who possessed supernatural powers	सिद्धों के	सिद्ध
सङ्घाः	SanghaaH	Groups	समुदाय हैं	समुदाय
वीक्षन्ते	Veekshyante	are looking at	देखते हैं	पाहात आहेत
त्वाम्	Tvaam	You	आप को	आपणाला
विस्मिताः	VismitaaH	astonished	विस्मित होकर	आश्चर्यचकित होऊन
च	Cha	and	और	आणि
एव	Eva	even	ही	केवळ
सर्वे	Sarve	all	वे सब	ते सर्व जण

अन्वय :-

रुद्र - आदित्याः , वसवः , ये च साध्याः , विश्वे - अश्विनौ च , मरुतः , उष्मपाः च गन्धर्व - यक्ष- असुर - सिद्धसङ्घाः च सर्वे विस्मिताः एव त्वाम् वीक्षन्ते ॥ ११ - २२ ॥

English translation:-

The Rudras, Adityas, Vasus, Saddhyas, Vishvadevas, Ashvins, Maruts, Ushmapas and hosts of Gandharvas, Yakshyas, Asuras and Siddhas – all these behold you quite astonished.

हिन्दी अनुवाद :-

जो ग्यारह रुद्र और बारह आदित्य तथा आठ वसु , साध्यगण , विश्वेदेव , अश्विनीकुमार तथा मरुद् गण और पितरों का समुदाय तथा गन्धर्व , यक्ष , राक्षस और सिद्धों के समुदाय हैं - वे सब ही विस्मित होकर आप को देखते हैं ।

मराठी भाषान्तर :-

अकरा रुद्र , बारा आदित्य तसेच आठ वसू , साध्यगण , विश्वदेव , दोन अश्विनीकुमार , मरुतगण आणि पितरांचे समुदाय तसेच गंधर्व , यक्ष , राक्षस आणि सिद्धांचे समुदाय हे सर्वच चकित होऊन आपल्याकडे पाहात आहेत .

विनोबांची गीताई :-

आदित्य विश्वे असु रुद्र साध्य कुमार दोघे पितृ - देव वायु
गंधर्व दैत्यांसह यक्ष सिद्ध सारे कसे विस्मित पाहताती ॥ ११ - २२ ॥

रूपम् महत् ते बहु वक् - त्र नेत्रम् महाबाहो बहु बाहू उरु पादम् ।

बहु उदरम् बहु दंष्ट्रा करालम् दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथिताः तथा अहम् ॥ ११ - २३ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
रूपम्	Rupam	form	रूप को	रूप
महत्	Mahat	mighty	महान्	महान
ते	Te	Your	आप के	आपले
बहु	Bahu	many	बहुत	अनेक
वक् - त्र	Vak - tra	mouths	मुख	तोंडे
नेत्रम्	Netram	eyes	और नेत्रोंवाले	आणि डोळे असलेले
महाबाहो	Mahaabaaho	O mighty – armed!	हे भगवान् श्रीकृष्ण !	हे महाबाहो !
बहु	Bahu	many	बहुत	अनेक
बाहू	Baahu	arms	हाथ	हात
उरु	Uru	thighs	जङ्घा	मांड्या
पादम्	Paadam	feet	और पैरोंवाले	पाय
बहु	Bahu	many	बहुत	अनेक
उदरम्	Udaram	stomachs	पेटोंवाले	पोट
बहु	Bahu	many	और बहुत सी	अनेक
दंष्ट्रा	DamsShTraa	terrible	कारण अत्यन्त विकराल	दाढांमुळे
करालम्	Karaalam	tusks	दाढोंके	अत्यंत विक्राळ
दृष्ट्वा	DriShTvaa	having seen	देखकर	पाहून
लोकाः	LokaaH	worlds	सब लोग	सर्व लोक
प्रव्यथिताः	PravyathitaaH	with terrified mind	व्याकुल हो रहे हैं	व्याकूळ होत आहेत
तथा	Tathaa	also	तथा	तसेच
अहम्	Aham	I	मैं भी व्याकुल हो रहा हूँ	मी सुद्धा व्याकूळ होत आहे

अन्वय :-

(हे) महाबाहो ! बहु - वक्त्र - नेत्रम् , बहु - बाहू - उरु - पादम् , बहु - उदरम् , बहु - दंष्ट्रा - करालम् ते महत् रूपम् दृष्ट्वा लोकाः प्रव्यथिताः , तथा अहम् (अपि व्यथितः अस्मि) ॥ ११ - २३ ॥

English translation:-

Seeing your grand form with many mouths and eyes, many arms, thighs and feet, many stomachs, many terrible tusks, O mighty armed, the three worlds are terrified and so am I.

हिन्दी अनुवाद :-

हे महाबाहो ! आप के बहुत मुख और नेत्रोंवाले बहुत हाथ , जंघा और पैरोंवाले बहुत उदरोंवाले और बहुत सी दाढों के कारण अत्यन्त विकराल महान् रुप को देखकर सब लोग व्याकुल हो रहे हैं तथा मैं भी व्याकुल हो रहा हूँ ।

मराठी भाषान्तर :-

हे महाबाहो ! अनेक तोंडे , अनेक डोळे , अनेक हात - मांड्या व पाय असलेले , अनेक पोटांचे , अनेक दाढांमुळे विक्राळ दिसणारे , आपले अवाढव्य रुप पाहून ; सर्व लोक फार व्याकुळ झाले आहेत आणि मीही भयभीत झालो आहे .

विनोबांची गीताई :-

अफाट हें रुप असंख्य डोळे मुखें भुजा उरु असंख्य पाय
असंख्य पोटें विकराळ दाढा ह्या दर्शनें व्याकुळ लोक मी हि ॥ ११ - २३ ॥

नभःस्पृशम् दीप्तम् अनेकवर्णम् व्यात्ताननम् दीप्तविशालनेत्रम् ।

दृष्ट्वा हि त्वाम् प्रव्यथितान्तरात्मा धृतिम् न विन्दामि शमम् च विष्णो ॥ ११ - २४ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
नभःस्पृशम्	NabhaH-Sprusham	touching the sky	आकाश को स्पर्श करनेवाले	आकाशाला स्पर्श करणाऱ्या
दीप्तम्	Deeptam	shining	देदीप्यमान	दैदीप्यमान
अनेकवर्णम्	Anek-VarNam	in many colours	अनेक वर्णों से युक्त	अनेक रंगांनी
व्यात्ताननम्	Vyaattananam	with mouths open	तथा फैलाये हुए मुख	तोंडे पसरलेल्या
दीप्तविशालनेत्रम्	Deepta-Vishaal-Netram	with large shining eyes	और प्रकाशमान विशाल नेत्रों से युक्त	प्रकाशमान विशाल डोळयांनी
दृष्ट्वा	Drishtvaa	having seen	देखकर	पाहून
हि	Hi	indeed	क्योंकि	कारण
त्वाम्	Tvaam	You	आप को	आपणाला
प्रव्यथितान्तरात्मा	Pravyathita-Antaraatmaa	with terrified mind	भयभीत अन्तःकरणवाला मैं	अंतःकरण भयभीत झालेल्या
धृतिम्	Dhritim	courage	धीरज	धैर्य
न	Na	not	नहीं	नाही
विन्दामि	Vindaami	I find	पाता हूँ	मिळते
शमम्	Shamam	peace	शान्ति	शांती
च	Cha	and	और	व
विष्णो	VishNo	O ViShNu!	हे विष्णो !	हे विष्णू !

अन्वय :-

हे विष्णो ! त्वाम् नभःस्पृशम् , दीप्तम् , अनेकवर्णम् , व्यात्ताननम् दीप्तविशालनेत्रम् , दृष्ट्वा हि (अहम्) प्रव्यथितान्तरात्मा (भूत्वा) धृतिम् शमम् च न विन्दामि ॥ ११ - २४ ॥

English translation:-

O Vishnu, when I see you touching the sky, blazing with many colours, with mouths wide open, with large fiery eyes, my heart trembles in fear and I find neither courage nor peace.

हिन्दी अनुवाद :-

क्योंकि हे विष्णो ! आकाश को स्पर्श करनेवाले , देदीप्यमान अनेक वर्णों से युक्त तथा फैलाये हुए मुख और प्रकाशमान विशाल नेत्रों से युक्त आप को देखकर भयभीत अन्तःकरणवाला मैं धीरज और शान्ति नहीं पाता हूँ ।

मराठी भाषान्तर :-

हे व्यापक देवा (विष्णो) ! आकाशाला जाऊन भिडलेले , प्रकाशमान , अनेक रंगाचे , जबडा पसरलेलेले , प्रदीप्त , विशाल नेत्रांनी युक्त अशा आपणास पाहून माझा अंतरात्मा घाबरला असल्यामुळे ; माझे धैर्य व शांती नाहीशी झाली आहे .

विनोबांची गीताई :-

भेदूनि आकाश भरुनि रंगीं फाडुनि डोळे उघडूनि तोंडें
तूं पेटलासी बघ जीव माझा भ्याला न देखे शम आणि धीर ॥ ११ - २४ ॥

दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वा एव कालानलसन्निभानि ।

दिशो न जाने न लभे च शर्म प्रसीद देवेश जगन्निवास ॥ ११ - २५ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
दंष्ट्रा	DamShtraa	with terrible	दाढों के कारण	दाढा
करालानि	Karaalaani	tusks	विकराल	विक्राळ
च	Cha	and	और	आणि
ते	Te	Your	आप के	आपली
मुखानि	Mukhaani	mouths	मुखों को	मुखे
दृष्ट्वा	DriShTvaa	having seen	देखकर	पाहून
एव	Eva	even	भी	सुद्धा
काल	Kaala	time	प्रलयकालकी	प्रलयकाल
अनल	Anala	fire	अग्नि के समान	अग्नी
सन्निभानि	Sannibhaani	blazing like	प्रज्वलित	प्रज्वलित
दिशो	Disho	quarters	दिशाओं को	दिशा
न	Na	not	नहीं	न
जाने	Jaane	I know	मैं जानता हूँ	समजणे
न	Na	not	नहीं	नाही
लभे	Labhe	I obtain	पाता हूँ	प्राप्त होते
च	Cha	and	और	तसेच
शर्म	Sharma	peace	सुख	सुख
प्रसीद	Praseeda	have mercy	आप प्रसन्न हों	प्रसन्न
देवेश	Devesha	O Lord of gods!	इसलिये हे देवेश !	हे देवेशा !
जगन्निवास	Jagannivaas	O abode of the universe!	हे जगन्निवास !	हे जगन्निवासा !

अन्वय :- हे देवेश ! हे जगन्निवास ! कालानलसन्निभानि दंष्ट्राकरालानि च ते मुखानि दृष्ट्वा एव (अहम्) दिशः न जाने, शर्म च न लभे, (अतः त्वम्) प्रसीद ॥ ११ - २५ ॥

English translation:-
When I see Your mouths terrible with tusks and resembling Pralaya (as if end of time) – fires, I have lost my co-ordinates, nor do I find peace. Please have mercy on me, O Lord of lords, O abode of the universe.

हिन्दी अनुवाद :-

दाढों के कारण विकराल और प्रलयकाल की अग्नि के समान प्रज्वलित आप के मुखों को देखकर मैं दिशाओं को नहीं जानता हूँ और सुख भी नहीं पाता हूँ। इसलिये हे देवेश ! हे जगन्निवास ! आप प्रसन्न हों।

मराठी भाषान्तर :-

दाढांमुळे भयानक व प्रलयकाळच्या अग्नीसारखी प्रज्वलित आपली तोंडे पाहून मला दिशा कळेनाशा झाल्या असून माझे सुखही हरपले आहे. म्हणून हे देवाधिदेवा ! हे जगन्निवासा ! आपण माझ्यावर प्रसन्न व्हा.

विनोबांची गीताई :-

कराळ दाढा विकराळ तोंडें कल्पांत अग्नीसम देखतां चि
दिङ्मूढ झालों सुख तें पळालें प्रसन्न हो कीं जग हें तुझें चि ॥ ११ - २५ ॥

अमी च त्वाम् धृतराष्ट्रस्य पुत्राः सर्वे सह एव अवनिपालसंघैः ।

भीष्मः द्रोणः सूतपुत्रः तथा असौ सह अस्मदीयैः अपि योधमुख्यैः ॥ ११ - २६ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
अमी	Amee	these	वे	ते
च	Cha	cha	और	आणि
त्वाम्	Tvaam	You	आप में प्रवेश कर रहे हैं	आपल्या (शरीरात)
धृतराष्ट्रस्य	Dhrita-raaShTrasya	of Dhritarashtra	धृतराष्ट्र के	धृतराष्ट्राचे
पुत्राः	PutraaH	sons	पुत्र	पुत्र
सर्वे	Sarve	all	सभी	सर्व
सह	Saha	with	सहित	सहित
एव	Eva	even	और	आणि
अवनिपालसंघैः	Avanipaala-SanghaiH	with hosts of kings	राजाओं के समुदाय	राजांच्या समुदायांनी
भीष्मः	BheeShmaH	Bhishma	भीष्म पितामह	भीष्म पितामह
द्रोणः	DronaH	Drona	द्रोणाचार्य	द्रोणाचार्य
सूतपुत्रः	SootaputraH	Karna – son of Soota	कर्ण	कर्ण
तथा	Tathaa	also	तथा	तसेच
असौ	Asau	this	वह	हा
सह	Saha	with	सहित सब के सब	सहित
अस्मदीयैः	AsmadeeyaiH	with ours	और हमारे पक्ष के	आमच्या पक्षातील
अपि	Api	Also with	भी	सुद्धा
योधमुख्यैः	Yodha-MukhaiH	warrior chiefs	प्रधान योद्धाओं के	प्रधान योद्धांसह

अन्वय :-

अमी च सर्वे धृतराष्ट्रस्य पुत्राः अवनिपालसंघैः सह एव , तथा भीष्मः द्रोणः असौ सूतपुत्रः अस्मदीयैः अपि योधमुख्यैः सह त्वाम् (विशन्ति) ॥ ११ - २६ ॥

English translation:-

These sons of Dhritarashtra, with hosts of kings (of the earth), Bhishma, Drona and Karna along with our warrior chiefs enter into your mouth.

हिन्दी अनुवाद :-

वे सभी धृतराष्ट्र के पुत्र राजाओं के समुदायसहित आप में प्रवेश कर रहे हैं और भीष्मपितामह द्रोणाचार्य तथा वह कर्ण और हमारे पक्ष के भी प्रधान योद्धाओं के सहित आप के मुख में प्रवेश कर रहे हैं।

मराठी भाषान्तर :-

आणि धृतराष्ट्राचे सर्व पुत्र , राजसमुदायासह भीष्म , द्रोण , कर्ण आणि आमच्या बाजूच्या मुख्य - मुख्य योध्यांसह तुमच्या तोंडात घुसत आहेत .

विनोबांची गीताई :-

अहा कसे हे धृतराष्ट्र - पुत्र घेऊनियां राज - समूह सारे
हे भीष्म हे द्रोण तसा चि कर्ण हे आमुचे वीर हि मुख्य मुख्य ॥ ११ - २६ ॥

वक्त्राणि ते त्वरमाणाः विशन्ति दंष्ट्राकरालानि भयानकानि ।

केचित् विलग्नाः दशनान्तरेषु संदृश्यन्ते चूर्णितैः उत्तमाङ्गैः ॥ ११ - २७ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
वक्त्राणि	Vak - traaNi	mouths	मुखों में	मुखांमध्ये
ते	Te	Your	आप के	आपल्या
त्वरमाणाः	TvaramaaNaaH	hurrying	बड़े वेग से दौडते हुए	मोठ्या वेगाने पळत असणारे
विशन्ति	Vishanti	enter	प्रवेश कर रहे हैं	प्रवेश करीत आहेत
दंष्ट्राकरालानि	DamShTraa-Karaalaani	with terrible tusks	दाढों के कारण विकराल	दाढांमुळे विक्राळ
भयानकानि	Bhayaanakaani	fearful to behold	भयानक	भयानक
केचित्	Kechit	some	और कई एक	काही
विलग्नाः	VilagnaaH	sticking	लगे हुए	चिकटलेले
दशनान्तरेषु	Dashana-antareShu	in gaps between teeth	दाँतों के बीच में	आपल्या दातांच्यामध्ये
संदृश्यन्ते	Sandrishyante	are seen	दीख रहे हैं	दिसून येत आहेत
चूर्णितैः	ChurNitaiH	crushed to powder	चूर्ण हुए	चूर्ण झालेल्या
उत्तमाङ्गैः	UttamaangaiH	with their heads	सिरों सहित आप के	मस्तकांसहित

अन्वय :-

ते दंष्ट्राकरालानि भयानकानि वक्त्राणि त्वरमाणाः विशन्ति, केचित् दशनान्तरेषु विलग्नाः चूर्णितैः उत्तमाङ्गैः (युक्ताः) संदृश्यन्ते ॥ ११ - २७ ॥

English translation:-

They hurriedly enter into Your mouth, terrible with tusks and fearful to behold. Some are found sticking in the gaps between the teeth with their heads crushed to powder (pulverized).

हिन्दी अनुवाद :-

वे सब - के - सब आप के दाढों के कारण विकराल भयानक मुखों में बडे वेग से दौडते हुए प्रवेश कर रहे हैं और कई एक चूर्ण हुए सिरों सहित आप के दाँतों के बीच में लगे हुए दीख रहे हैं।

मराठी भाषान्तर :-

आपल्या विक्राळ दाढांच्या भयंकर तोंडात, हे वीर धडाधड घुसत आहेत; आणि काही दातांमध्ये अडकून मस्तकांचा चुराडा झालेले, असे दृष्टीस पडत आहेत.

विनोबांची गीताई :-

ज़ाती त्वरेनें तुझ्या मुखांत भयाण जीं भ्यासुर ज्यांत दाढा
दांतांत कांहीं शिरलीं शिरें जीं त्यांचें जसें पीठ चि पाहतों मी ॥ ११ - २७ ॥

यथा नदीनाम् बहवः अम्बुवेगाः समुद्रम् एव अभिमुखाः द्रवन्ति ।

तथा तव अमी नरलोकवीराः विशन्ति वक्त्राणि अभि - विज्वलन्ति ॥ ११ - २८ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
यथा	Yathaa	as	जैसे	ज्याप्रमाणे
नदीनाम्	Nadeenaam	of rivers	नदियों के	नद्यांचे
बहवः	BahavaH	many	बहुत से	पुष्कळसे
अम्बुवेगाः	AmbuvegaaH	water currents	जल के प्रवाह	पाण्याचे प्रवाह
समुद्रम्	Samudram	to the ocean	समुद्र के	समुद्राकडे
एव	Eva	verily / alone	ही	च
अभिमुखाः	AbhimukhaaH	towards	सम्मुख	संमुख होऊन
द्रवन्ति	Dravanti	flow	दौडते हैं अर्थात् समुद्र में प्रवेश करते हैं	धावतात
तथा	Tathaa	similarly	वैसे ही	त्याप्रमाणे
तव	Tava	Your	आप के	आपल्या
अमी	Amee	these	वे	ते
नरलोकवीराः	Nara-lokaveeraaH	heroes in the world of men	नर लोक के वीर भी	नरलोकातील श्रेष्ठ वीर
विशन्ति	Vishanti	enter	प्रवेश कर रहे हैं	प्रवेश करीत आहेत
वक्त्र - त्राणि	Vak-TraaNi	mouths	मुखों में	मुखांमध्ये
अभि - विज्वलन्ति	Abhi-vijvalayanti	blazing with flames	प्रज्वलित	प्रज्वलित

अन्वय :-

यथा नदीनाम् बहवः अम्बुवेगाः अभिमुखाः समुद्रम् एव द्रवन्ति , तथा अमी नरलोकवीराः तव अभि – विज्वलन्ति वक् - त्राणि विशन्ति ॥ ११ - २८ ॥

English translation:-

As many torrents of rivers rush towards the ocean, similarly these heroes in the world of men enter Your fiercely blazing mouths with flames.

हिन्दी अनुवाद :-

जैसे नदियों के बहुत से जल के प्रवाह स्वाभाविक ही समुद्र के ही सम्मुख दौडते हैं अर्थात् समुद्र में प्रवेश करते हैं वैसे ही वे नरलोक के वीर भी आप के प्रज्वलित मुखों में प्रवेश कर रहे हैं।

मराठी भाषान्तर :-

ज्याप्रमाणे नद्यांचे मोठमोठे जलप्रवाह समुद्राकडेच धाव घेतात ; त्याचप्रमाणे मनुष्यलोकातील हे वीर आपल्या धडाडून पेटलेल्या तोंडात प्रवेश करीत आहेत .

विनोबांची गीताई :-

ज़से नद्यांचे सगळे प्रवाह वेगें समुद्रांत चि धांव घेती

तसे तुझ्या हे जळत्या मुखांत धांवूनि ज़ाती नर - वीर सारे ॥ ११ - २८ ॥

यथा प्रदीप्तम् ज्वलनम् पतङ्गाः विशन्ति नाशाय समृद्धवेगाः ।

तथा एव नाशाय विशन्ति लोकाः तव अपि वक् - त्राणि समृद्धवेगाः ॥ ११ - २९ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
यथा	Yathaa	as	जैसे	ज्याप्रमाणे
प्रदीप्तम्	Pradeeptam	blazing	प्रज्वलित	प्रज्वलित
ज्वलनम्	Jvalanam	fire	अग्नि में	अग्नीमध्ये
पतङ्गाः	PatangaaH	moths	पतङ्ग	पतंग
विशन्ति	Vishanti	enter	प्रवेश करते हैं	प्रवेश करतात
नाशाय	Naashaaya	for destruction	मोहवश नष्ट होने के लिये	नष्ट होण्यासाठी
समृद्धवेगाः	Samruddha-vegaaH	With great speed	अति वेग से दौडते हुए	अति वेगाने
तथा	Tathaa	similarly	वैसे	त्याचप्रमाणे
एव	Eva	even / only	ही	ही
नाशाय	Naashaaya	for destruction	अपने नाश के लिये	स्वतःचा नाश करून घेण्यास
विशन्ति	Vishanti	enter	प्रवेश कर रहे हैं	प्रवेश करीत आहेत
लोकाः	LokaaH	creatures	ये सब लोग	हे सर्व लोक
तव	Tava	Your	आप के	आपल्या
अपि	Api	also	भी	सुद्धा
वक् - त्राणि	Vak-traaNi	mouths	मुखों में	मुखांमध्ये
समृद्धवेगाः	Samruddha-vegaaH	with great speed	अति वेग से दौडते हुए	अति वेगाने

अन्वय :-

यथा पतङ्गाः समृद्धवेगाः नाशाय प्रदीप्तम् ज्वलनम् विशन्ति , तथा एव लोकाः समृद्धवेगाः नाशाय तव अपि वक्त्राणि विशन्ति ॥ ११ - २९ ॥

English translation:-

As moths rush headlong into a blazing fire for sheer destruction, similarly these creatures (people) enter with great speed into Your mouths for destruction.

हिन्दी अनुवाद :-

जैसे पतंग मोहवश नष्ट होने के लिये प्रज्वलित अग्नि में अतिवेग से दौडते हुए प्रवेश करते हैं , वैसे ही ये सब लोग भी अपने नाश के लिये आप के मुखों में अतिवेग से दौडते हुए प्रवेश कर रहे हैं ।

मराठी भाषान्तर :-

प्रदीप्त दीपांवर (अग्नीमध्ये) स्वनाशासाठी पतंग जसे वेगाने झडप घालतात , तसेच हे लोक नाश पावण्यासाठी तुमच्या मुखांमध्ये मोठ्या वेगाने शिरत आहेत .

विनोबांची गीताई :-

भरूनियां वेग ज़से पतंग घेती उद्या अग्नि - मुखीं मराया

तसे चि हे लोक तुझ्या मुखांत घेती उड्या वेग - भरें मराया ॥ ११ - २९ ॥

लेलिह्यसे ग्रसमानः समन्तात् लोकान् समग्रान् वदनैः ज्वलद्भिः ।

तेजोभिः आपूर्य जगत् समग्रम् भासः तव उग्राः प्रतपन्ति विष्णो ॥ ११ - ३० ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
लेलिह्यसे	Lelihyase	You lick	बार बार चाट रहे हैं	चाटत आहात
ग्रसमानः	GrasamaanaH	swallowing / devouring	ग्रास करते हुए	घास घेणारे
समन्तात्	Samantaat	from every side	सब ओर से	सर्व बाजूंनी
लोकान्	Lokaan	worlds	लोकों को	लोकांना
समग्रान्	Samagraan	all	सम्पूर्ण	संपूर्ण
वदनैः	VadanaiH	mouths	मुखों द्वारा	तोंडांच्या द्वारे
ज्वलद्भिः	Jvaladbhi	flaming	प्रज्वलित	प्रज्वलित
तेजोभिः	TejobhiH	with radiance	तेज के द्वारा	तेजाच्या द्वारे
आपूर्य	Aapurya	having filled	परिपूर्ण कर	परिपूर्ण करून
जगत्	Jagat	world	जगत् को	जगाला
समग्रम्	Samagram	entire	सम्पूर्ण	संपूर्ण
भासः	BhaasaH	rays	प्रकाश	प्रकाश
तव	Tava	Your	आपका	आपला
उग्राः	UgraaH	fierce	उग्र	उग्र
प्रतपन्ति	Pratapanti	are burning	तपा रहा है	तापवीत आहे
विष्णो	VishNo	O Vishnu!	हे विष्णो !	हे विष्णू !

अन्वय :-

हे विष्णो ! समन्तात् ज्वलद्भिः वदनैः समग्रान् लोकान् ग्रसमानः (त्वम्) लेलिह्यसे, तव उग्राः भासः तेजोभिः समग्रम् जगत् आपूर्य प्रतपन्ति ॥ ११ - ३० ॥

English translation:-

O Vishnu, swallowing all the people on every side with flaming mouths; I find You are indeed licking them. Your fierce rays, filling the entire world with radiance are burning them.

हिन्दी अनुवाद :-

आप उन सम्पूर्ण लोकों को प्रज्वलित मुखों द्वारा ग्रास करते हुए सब ओर से बार - बार चाट रहे हैं, हे विष्णो ! आप का उग्र प्रकाश सम्पूर्ण जगत् को तेज के द्वारा परिपूर्ण कर तपा रहा है।

मराठी भाषान्तर :-

हे विष्णो ! पेटलेल्या मुखांनी सर्व लोकांना सभोवार गिळून टाकीत, आपण वारंवार जिभा चाटीत आहात. आपली उग्र कांती, आपल्या तेजाने संपूर्ण त्रिभुवनाला व्यापून टाकून, तापवीत (तळपत) आहे.

विनोबांची गीताई :-

समस्त लोकांस गिळूनि ओंठ तूं चाटिसोसी ज्वळत्या जिभांनीं
वेढूनि विश्वास समग्र तेजें भाज़े प्रभो उग्र तुझी प्रभा ही ॥ ११ - ३० ॥

आख्याहि मे कः भवान् उग्ररूपः नमः अस्तु ते देववर प्रसीद ।

विज्ञातुम् इच्छामि भवन्तम् आद्यम् न हि प्रजानामि तव प्रवृत्तिम् ॥ ११ - ३१ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
आख्याहि	Aakhyaahi	Let (me) know	बतलाइये कि	सांगा
मे	Me	to me	मुझे	मला
कः	KaH	who	कौन हैं ?	कोण आहात ?
भवान्	Bhavaan	You (are)	आप	आपण
उग्ररूपः	UgraroopaH	fierce in form	उग्ररूपवाले	उग्ररूप धारण करणारे
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	(माझा) नमस्कार
अस्तु	Astu	let there be	हो	असो
ते	Te	to You	आप को	आपणास
देववर	Devavara	O supreme God	हे देवों में श्रेष्ठ !	हे देवश्रेष्ठा !
प्रसीद	Praseeda	have mercy	आप प्रसन्न होइये	(आपण) प्रसन्न व्हा !
विज्ञातुम्	Vidnyaatum	to know	विशेषरूप से जानना	विशेषरूपाने जाणून घेण्याची
इच्छामि	Ichchhaami	I desire	चाहता हूँ	(मला) इच्छा आहे
भवन्तम्	Bhavantam	You	आप को	आपणास
आद्यम्	Aadyam	the original being	आदिपुरुष	आदिपुरुष अशा
न	Na	not	नहीं	नाही
हि	Hi	indeed	क्योंकि मैं	कारण
प्रजानामि	Prajanaami	I know	जानता	मला कळत
तव	Tava	Your	आप की	आपली
प्रवृत्तिम्	Pravruttim	true nature	प्रवृत्ति को	प्रवृत्ती

अन्वय :- हे देववर ! ते नमः अस्तु , (त्वम्) प्रसीद , भवान् उग्ररूपः कः (अस्ति)? (तत्) मे आख्याहि । (अहम्) आद्यम् भवन्तम् विज्ञातुम् इच्छामि । तव प्रवृत्तिम् हि (अहम्) न प्रजानामि ॥ ११ - ३१॥

English translation:-

Please let me know who You are in such a fierce form. Salutation to You, O Supreme God ! have mercy on me. I want to know You the Primeval. I fail to understand Your true nature.

हिन्दी अनुवाद :-

मुझे बतलाइये कि आप उग्ररूपवाले कौन हैं? हे देवों में श्रेष्ठ! आप को नमस्कार हो। आप प्रसन्न होइये। आदिपुरुष आप को मैं विशेषरुप से जानना चाहता हूँ, क्योंकि मैं आप की प्रवृत्ति को नहीं जानता।

मराठी भाषान्तर :-

हे देवादिदेवा ! आपल्याला नमस्कार करतो . आपण माझ्यावर प्रसन्न व्हा . उग्र रूप धारण करणारे आपण कोण आहात ? हे मला सांगा . आपण आदिपुरुष कोण , हे तत्त्वतः जाणण्याची मला इच्छा आहे . आपली ही लीला मला बिलकूल समजत नाही .

विनोबांची गीताई :-

सांगा असां कोण तुम्ही भयाण नमूं तुम्हां देव - वरा न कोपा
ज्ञाणावया उत्सुक आदि देवा ध्यानीं न ये कीं करणी कशी ही ॥ ११ - ३१॥

श्री भगवान् उवाच ।

कालः अस्मि लोकक्षयकृत् प्रवृद्धः लोकान् समाहर्तुम् इह प्रवृत्तः ।

ऋते अपि त्वाम् न भविष्यन्ति सर्वे ये अवस्थिताः प्रत्यनीकेषु योधाः ॥ ११ - ३२॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
श्री भगवान्	Shree Bhagavaan	The Blessed Lord	श्री भगवान् ने	श्री भगवान
उवाच	Uvaacha	Said	कहा	उत्तरले
कालः	KaalaH	time	महाकाल	महाकाल
अस्मि	Asmi	I am	मैं हूँ	आहे
लोकक्षयकृत्	Lokakshaya-krutaH	destroying worlds	लोकोंका नाश करनेवाला	लोकांचा नाश करणारा
प्रवृद्धः	PravriddhaH	mighty	बढा हुआ	वाढलेला असा
लोकान्	Lokaan	worlds	इन लोकों को	या लोकांना
समाहर्तुम्	Samaahartum	to annihilate	नष्ट करने के लिये	नष्ट करण्यासाठी
इह	Iha	here	इस समय	या समयी
प्रवृत्तः	PravruttaH	engaged	प्रवृत्त हुआ हूँ	मी प्रवृत्त झालो आहे
ऋते	Rite	without	बिना	शिवाय
अपि	Api	even	भी	सुद्धा
त्वाम्	Tvaam	you	तेरे	तुला
न	Na	not	नहीं	नाहीत
भविष्यन्ति	Bhavishyanti	shall be	रहेंगे	राहणार
सर्वे	Sarve	all	वे सब	सर्व
ये	Ye	these	इसलिये	जे
अवस्थिताः	AvasthitaaH	arrayed	स्थित	स्थित असणारे
प्रत्यनीकेषु	Pratyanee-keShu	in opposing hostile armies	प्रतिपक्षियों की सेना में	शत्रूपक्षीय सैन्यामध्ये
योधाः	YodhaaH	warriors	जो योद्धा लोग हैं	योद्धे

अन्वय :- श्री भगवान् उवाच – (अहम्) लोकक्षयकृत् प्रवृद्धः कालः अस्मि , इह लोकान् समाहर्तुम् प्रवृत्तः (अस्मि) , त्वाम् ऋते अपि प्रत्यनीकेषु ये योधाः अवस्थिताः , (ते) सर्वे न भविष्यन्ति ॥ ११ - ३२॥

English translation:-

The Blessed Lord said, "I am the mighty world-destroying time engaged here in annihilating the worlds. Even without you all these warriors arrayed in the opposing armies shall not survive."

हिन्दी अनुवाद :-

श्री भगवान् बोले , " मैं लोकों का नाश करनेवाला बढा हुआ महाकाल हूँ । इस समय इन लोकों को नष्ट करने के लिये प्रवृत्त हुआ हूँ इसलिये जो प्रतिपक्षियों की सेना में स्थित योद्धा लोग हैं वे सब तेरे बिना भी नहीं रहेंगे अर्थात् तेरे युद्ध न करने पर भी इन सब का नाश हो जायगा ।"

मराठी भाषान्तर :-

श्री भगवान म्हणाले , " मी लोकांचा नाश करणारा , वृद्धिंगत झालेला महाकाळ आहे . येथे लोकांचा संहार करण्यास मी प्रवृत्त झालो आहे . तू नसलास तरी (तुझ्या युद्ध प्रयत्नांशिवाय) शत्रू सैन्यात उभे असलेले सर्व योद्धे वाचणार नाहीत ."

विनोबांची गीताई :-

मी काल लोकांतक वाढलेला भक्षावया सिद्ध इथें जनांस
हे नष्ट होतील तुझ्या विना हि झाले उभे जे उभयत्र वीर ॥ ११ - ३२॥

तस्मात् त्वम् उत्तिष्ठ यशः लभस्व जित्वा शत्रून् भुङ्-क्ष्व राज्यम् समृद्धम् ।
मया एव एते निहताः पूर्वम् एव निमित्तमात्रम् भव सव्यसाचिन् ॥ ११ - ३३॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
तस्मात्	Tasmaat	therefore	इसलिये	म्हणून
त्वम्	Tvam	you	तुम	तू
उत्तिष्ठ	UttiShTha	arise	उठो	उठ
यशः	YashaH	fame	यश	यश
लभस्व	Labhasva	acquire	प्राप्त करो	प्राप्त करून घे
जित्वा	Jitvaa	having conquered	जीतकर	जिंकून
शत्रून्	Shatroon	enemies	और शत्रुओं को	शत्रूंना
भुङ्-क्ष्व	Bhukshva	enjoy	भोग लो	भोग
राज्यम्	Raajyam	kingdom	राज्य का	राज्य
समृद्धम्	Samruddham	prosperous	धन - धान्य से सम्पन्न	धनधान्याने संपन्न
मया	Mayaa	by Me	मेरे द्वारा	माझ्याकडून
एव	Eva	only	ही	केवळ
एते	Ete	these	ये सब शूरवीर	हे (सर्व शूरवीर)
निहताः	NihataaH	have been slain	मारे हुए हैं	मारले गेलेले आहेत
पूर्वम्	Purvam	already	पहले से	अगोदर
एव	Eva	verily	ही	च
निमित्तमात्रम्	Nimitta-maatram	mere instrument	तुम तो केवल निमित्तमात्र	निमित्तमात्र
भव	Bhava	be	बन जाओ	तू हो
सव्यसाचिन्	Savya-saachin	ambidexterous (Arjun was able to use both hands equally well in any task.)	हे सव्यसाचिन् !	हे सव्यसाची अर्जुना !

अन्वय :-

तस्मात् हे सव्यसाचिन् ! त्वम् उत्तिष्ठ , यशः लभस्व , शत्रून् जित्वा समृद्धम् राज्यम् भुङ्क्ष्व । मया एव एते पूर्वम् एव निहताः , (त्वम्) निमित्तमात्रम् भव ॥ ११ - ३३ ॥

English translation:-

Therefore, you arise and acquire fame. Having conquered foes, enjoy the prosperous kingdom. Verily, they have been already slain by Me, you try to be a mere instrument, O ambidexterous.

हिन्दी अनुवाद :-

अत एव तुम उठो ! यश प्राप्त करो और शत्रुओं को जीतकर धन - धान्य से सपन्न राज्य को भोगो । ये सब शूरवीर पहेले ही से मेरे द्वारा मारे हुए हैं । हे सव्यसाचिन् ! तुम तो केवल निमित्तमात्र बन जाओ ।

मराठी भाषान्तर :-

म्हणून हे सव्यसाची अर्जुना ! तू ऊठ , यश मिळव आणि शत्रूंना जिंकून समृद्ध राज्याचा उपभोग घे . मी यांना पूर्वीच ठार मारले आहे , म्हणून तू केवळ निमित्तमात्र हो .

विनोबांची गीताई :-

म्हणूनि तूं ऊठ मिळीव कीर्ति जिंकूनि निष्कंटक राज्य भोगीं
मीं मारिले हे सगळे चि आधीं निमित्त हो केवळ सव्य - साची ॥ ११ - ३३ ॥

द्रोणम् च भीष्मम् च जयद्रथम् च कर्णम् तथा अन्यान् अपि योधवीरान्।

मया हतान् त्वम् जहि मा व्यथिष्ठाः युध्यस्व जेतासि रणे सपत्नान्॥ ११ - ३४॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
द्रोणम्	Donam	Drona	द्रोणाचार्य	द्रोणाचार्य
च	Cha	and	और	आणि
भीष्मम्	BheeShmam	BheeShma	भीष्म पितामह	भीष्म पितामह
च	Cha	and	तथा	आणि
जयद्रथम्	Jayadratham	Jayadratha	जयद्रथ	जयद्रथ
च	Cha	and	और	आणि
कर्णम्	KarNam	Karna	कर्ण	कर्ण
तथा	Tathaa	and	तथा	तसेच
अन्यान्	Anyaan	others	और बहुत से	बरेचसे (शूरवीर योद्धे)
अपि	Api	Also / already	भी	सुद्धा
योधवीरान्	Yodhaveeraan	heroic warriors	शूरवीर योद्धाओं को	शूरवीर योद्धांना
मया	Mayaa	by Me	मेरे द्वारा	माझाकडून
हतान्	Hattan	slain	मारे हुए	मारले गेले आहेत
त्वम्	Tvam	you	तुम	तू
जहि	Jahi	kill	नष्ट करो	ठार कर
मा	Maa	not	मत	नको
व्यथिष्ठाः	VyathiShThaaH	be distressed	भय करो	मुळीच भिऊ (नकोस)
युध्यस्व	Yudhyasya	fight	इसलिये तुम युद्ध करो	युद्ध कर
जेतासि	Jetaasi	You shall conquer	निःसंदेह तुम जीतोगे	तू निश्चित जिंकशील
रणे	RaNe	in battle	युद्ध में	युद्धामध्ये
सपत्नान्	Sapatnaan	the enemies	शत्रु लोगों को	वैऱ्यांना

अन्वय :-

त्वम् द्रोणम् च भीष्मम् च जयद्रथम् च कर्णम् तथा मया हतान् अन्यान् अपि योधवीरान् जहि, मा व्यथिष्ठाः, युध्यस्व, रणे सपत्नान् जेतासि ॥ ११ - ३४ ॥

English translation:-

Slay Drona, Bheeshma, Jayadratha and Karna as well as other brave and heroic warriors who have been already slain by me. Be not stressed with fear. Fight this righteous battle and you will certainly conquer your enemies.

हिन्दी अनुवाद :-

द्रोणाचार्य, भीष्मपितामह, जयद्रथ, कर्ण तथा और भी बहुत से मेरे द्वारा मारे हुए शूरवीर योद्धाओं को तुम मार डालो। किसी भी बातका भय मत करना। निःसन्देह तुम युद्धमें वैरियों को सहज जीत लोगे। इसलिये तुम युद्ध करो।

मराठी भाषान्तर :-

द्रोण, भीष्म, जयद्रथ, कर्ण तसेच इतरही अनेक वीर मी पूर्वीच ठार मारलेले आहेत. त्यांना तू ठार मार. तू दुःखी - कष्टी होऊ नकोस. युद्ध कर. तू लढाईत शत्रूंना निश्चित जिंकशील.

विनोबांची गीताई :-

द्रोणास भीष्मास जयद्रथास कर्णादि वीरांस रणांगणांत
मीं मारिलेल्यांस फिरुनि मारीं निःशंक झुंजें जय तो तुझा चि ॥ ११ - ३४॥

सञ्जय उवाच ।

एतत् श्रुत्वा वचनम् केशवस्य कृताञ्जलिः वेपमानः किरीटी ।

नमस्कृत्वा भूयः एव आह कृष्णम् सगद्गदम् भीतभीतः प्रणम्य ॥ ११ - ३५॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
सञ्जय	Sanjaya	Sanjaya	सञ्जय ने	संजय
उवाच	Uvaacha	said	कहा	म्हणाला
एतत्	Etat	this	इस	हे
श्रुत्वा	Shrutvaa	having heard	सुनकर	ऐकल्यावर
वचनम्	Vachanam	speech	वचन को	वचन
केशवस्य	Keshavasya	of Keshava	श्रीकृष्ण भगवान् के	भगवान केशवाचे
कृताञ्जलिः	Kruta-AnjaliH	with joined palms	हाथ जोडकर	हात जोडून
वेपमानः	VepamaanaH	trembling	काँपता हुआ	थरथर कापत
किरीटी	Kireetee	the crowned one / Arjuna	मुकुटधारी अर्जुन	मुकुटधारी अर्जुन
नमस्कृत्वा	Namaskrutvaa	prostrating himself	नमस्कार कर	नमस्कार करून
भूयः	BhuyaH	again	फिर	पुन्हा
एव	Eva	even / verily	भी	सुद्धा
आह	Aaha	spoke	बोला	म्हणाला
कृष्णम्	KrishNam	to Krishna	श्रीकृष्ण के प्रति	भगवान श्री कृष्णाला
सगद्गदम्	Sagad-gdam	in a choked voice	गद्गद वाणी से	गद् गद् वाणीने
भीतभीतः	BheetbheetaH	overwhelmed with fear	भयभीत होकर	भयभीत होऊन
प्रणम्य	PraNamya	having bowed	प्रणाम कर	प्रणाम करून

अन्वय :- सञ्जय उवाच - केशवस्य एतत् वचनम् श्रुत्वा, वेपमानः किरीटी कृताञ्जलिः कृष्णम् नमः कृत्वा, भीतभीतः प्रणम्य (च), भूयः एव सगद्गदम् आह ॥ ११ - ३५ ॥

English translation:-

Sanjaya said, "Having heard the speech of Krishna, the crowned one (Arjuna) with joined palms, trembling, prostrating himself, again addressed Krishna in a choked voice, bowing down, overwhelmed with fear."

हिन्दी अनुवाद :-

संजय ने कहा, " भगवान् श्रीकृष्ण के इस वचन को सुनकर मुकुटधारी अर्जुन हाथ जोडकर काँपता हुआ नमस्कार कर फिर भी अत्यन्त भयभीत होकर प्रणाम कर भगवान् श्रीकृष्ण के प्रति गद् - गद् वाणी से बोला।"

मराठी भाषान्तर :-

संजय म्हणाला, " श्रीभगवंताचे हे वाक्य ऐकून, थरथरा कापणारा अर्जुन, हात जोडून श्रीकृष्णाला नमस्कार करीत, भयभीत झाल्यामुळे नम्र होऊन, दाटून आलेल्या कंठाने पुनः असे म्हणाला."

विनोबांची गीताई :-

ऐकूनि हें अर्जुन कृष्ण वाक्य भ्याला ज़सा कांपत हात ज़ोडी

कृष्णास वंदूनि पुनश्च बोले लवूनियां तेथ गळा भरूनि ॥ ११ - ३५॥

अर्जुन उवाच ।

स्थाने हृषीकेश तव प्रकीर्त्या जगत् प्रहृष्यति अनुरज्यते च ।

रक्षांसि भीतानि दिशः द्रवन्ति सर्वे नमस्यन्ति च सिद्धसङ्घाः ॥ ११ - ३६ ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
अर्जुन उवाच	Arjuna Uvaacha	Arjuna said	अर्जुन ने कहा	अर्जुन म्हणाला
स्थाने	Sthaane	It is right / quite naturally	यह योग्य ही है कि	योग्य आहे
हृषीकेश	Hrusheekesha	O Krishna!	हे अन्तर्यामिन् !	हे अंतर्यामी !
तव	Tava	Your	आप के	आपल्या
प्रकीर्त्या	Prakeertyaa	by praise	नाम गुण और प्रभाव के कीर्तन से	नाम, गुण आणि प्रभाव यांच्या कीर्तनाने
जगत्	Jagat	world	जगत्	जग
प्रहृष्यति	PrahruShyati	is delighted	अति हर्षित हो रहा है	अतिशय आनंदित होत आहे
अनुरज्यते	Anurajyate	rejoices	अनुराग को भी प्राप्त हो रहा है	आपल्यावर अतिशय प्रेम करू लागते
च	Cha	and	और	आणि
रक्षांसि	Rakshaamsi	demons	राक्षस लोग	राक्षसगण
भीतानि	Bheetaani	in fear	तथा भयभीत	भयभीत
दिशः	DishaH	in all directions	दिशा ओं में	दिशादिशांत
द्रवन्ति	Dravanti	flee	भाग रहे हैं	पळू लागले आहेत
सर्वे	Sarve	all	सब	सर्व
नमस्यन्ति	Namasyanti	bow to You	नमस्कार कर रहे हैं	आपणास नमस्कार करीत आहेत
च	Cha	and	और	आणि
सिद्धसङ्घाः	Siddha-sanghaaH	the hosts of perfected souls	सिद्ध गणों के समुदाय	सिद्धगण

अन्वय :- अर्जुन उवाच - हे हृषीकेश ! स्थाने तव प्रकीर्त्या जगत् प्रहृष्यति, अनुरज्यते च, भीतानि रक्षांसि दिशः द्रवन्ति, सर्वे च सिद्धसङ्घाः नमस्यति ॥ ११ - ३६ ॥

English translation:-

Arjuna said, "O Krishna, it is quite natural and quite right that the world is delighted and rejoices in Your praise; demons flee in fear in all directions and all the hosts of Siddhaas bow to You."

हिन्दी अनुवाद :-

अर्जुन ने कहा, " हे अन्तर्यामिन्! यह योग्य है कि आप के नाम गुण और प्रभाव के कीर्तन से जगत् अति हर्षित हो रहा है और अनुराग को भी प्राप्त हो रहा है तथा भयभीत राक्षसलोग दिशाओं में भाग रहे हैं और सब सिद्धगणों के समुदाय नमस्कार कर रहे हैं।"

मराठी भाषान्तर :-

अर्जुन म्हणाला, " हे श्रीकृष्णा, हे योग्यच आहे की आपले नाव, गुण आणि प्रभाव यांच्या वर्णनाने जग अतिशय आनंदित होते व तुमच्यावर अतिशय प्रेम करू लागते. तसेच भ्यालेले राक्षस दाही दिशांना पळून जात आहेत आणि सर्व सिद्धगणांचे समुदाय आपल्याला नमस्कार करीत आहेत हेही योग्यच आहे."

विनोबांची गीताई :-

जगीं तुझ्या युक्त चि कीर्तनानें आनंद लोटे अनुराग दाटे
भ्याले कसे राक्षस धांव घेती हे वंदिती सिद्ध समूह सारे ॥ ११ - ३६ ॥

कस्मात् च ते न नमेरन् महात्मन् गरीयसे ब्रह्मणः अपि आदिकर्त्रे ।

अनन्त देवेश जगन्निवास त्वम् अक्षरम् सत् असत् तत् परम् यत् ॥ ११ - ३७॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
कस्मात्	Kasmaat	why	कैसे	कसा बरे
च	Cha	and	और	आणि
ते	Te	To You	आप के लिये ये	आपणाला
न	Na	not	न	नाहीत
नमेरन्	Nameran	bow down	नमस्कार करें (क्योंकि)	नमस्कार करणार
महात्मन्	Mahaatman	O Exalted Self	हे महात्मन् !	हे महात्मन !
गरीयसे	Gareeyase	greater than all	सब से बड़े	सर्वांत श्रेष्ठ अशा
ब्रह्मणः	BrahmaNaH	of Brahma	ब्रह्मा के	ब्रह्मदेवाचा
अपि	Api	also / even	भी	सुद्धा
आदिकर्त्रे	Aadikartre	the primal cause / maker	आदिकर्ता	आदिकर्ता
अनन्त	Ananta	O Infinite Being!	हे अनन्त !	हे अनंता !
देवेश	Devesha	O Lord of gods!	हे देवेश !	हे देवेशा !
जगन्निवास	Jagannivaasa	O abode of the universe!	हे जगन्निवास !	हे जगन्निवासा !
त्वम्	Tvam	You	वह आप ही हैं	आपण
अक्षरम्	Aksharam	imperishable	अक्षर अर्थात् सच्चिदानन्दघन ब्रह्म है	अविनाशी (सच्चिदानंदघन) ब्रह्म
सत्	Sat	being	सत्	असणारे
असत्	Asat	non-being	और असत्	नसणारे
तत्	Tat	that	और उन से	त्यांच्या
परम्	Param	supreme	परे	पलीकडे
यत्	Yat	which	जो	जे

अन्वय :- हे महात्मन् ! हे अनन्त देवेश ! ब्रह्मणः अपि गरीयसे आदिकर्त्रे (तुभ्यम्) ते कस्मात् च न नमेरन् , हे जगन्निवास ! यत् सत् असत् (अस्ति) तत् परम् अक्षरम् त्वम् (असि) ॥ ११ - ३७॥

English translation:- O Exalted Self, and why should they not bow to you, greater than all, the Primal Cause even of Brahma, O Infinite Being, O Lord of gods, O Abode of the universe; You are the Imperishable, the being and the non-being, that which is the Supreme One.

हिन्दी अनुवाद :- हे महात्मन्! ब्रह्मा के भी आदिकर्ता और सब से बड़े आप के लिये वे कैसे नमस्कार न करें क्योंकि हे अनन्त ! हे देवेश ! हे जगन्निवास ! जो सत् असत् और उस से परे अक्षर अर्थात् सच्चिदानन्दघन ब्रह्म है वह आप ही है।

मराठी भाषान्तर :- हे महात्मन ! हे अनंता देवाधिदेवा ! ब्रह्मदेवाचे आदिकारण असलेल्या आणि ब्रह्मदेवापेक्षाही श्रेष्ठ अशा आपल्याला , ते का बरे नमस्कार करणार नाहीत ? हे जगन्निवासा ! जे सत् (अस्तित्वात असणारे) आणि असत् (अस्तित्वात नसणारे) आहे आणि त्या दोन्हीच्या पलीकडे जे अविनाशी तत्त्व (अक्षर) आहे , ते ही आपणच आहात .

विनोबांची गीताई :-

प्रभो न कां हे तुज वंदितील कर्त्यास कर्ता गुरू तूं गुरूस
आधार तूं अक्षर तूं अनंता आहेस नाहींस पलीकडे तूं ॥ ११ - ३७॥

त्वम् आदिदेवः पुरुषः पुराणः त्वम् अस्य विश्वस्य परम् निधानम् ।

वेत्ता असि वेद्यम् च परम् च धाम त्वया ततम् विश्वम् अनन्तरूप ॥ ११ - ३८॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
त्वम्	Tvam	You	आप	आपण
आदिदेवः	AadidevaH	The Primal God	आदिदेव	आदिदेव
पुरुषः	PuruShaH	Being	पुरुष हो	पुरुष
पुराणः	PuraaNaH	ancient	और सनातन	सनातन
त्वम्	Tvam	You	आप	आपण
अस्य	Asya	of (this)	इस	या
विश्वस्य	Vishvasya	of universe	जगत् के	जगाचे
परम्	Param	supreme	परम	परम स्थान
निधानम्	Nidhaanam	Refuge / Abode	आश्रय	आश्रय
वेत्ता	Vetta	knower	और जानने वाले	जाणणारा
असि	Asi	You are	हो	आहात
वेद्यम्	Vedyam	to be known	जानने योग्य	जाणण्यास योग्य
च	Cha	and	तथा	तसेच
परम्	Param	supreme	परम	श्रेष्ठ
च	Cha	and	और	आणि
धाम	Dhaama	Abode / Goal	धाम	निवासस्थान
त्वया	Tvayaa	By You	आप से	आपल्याकडून
ततम्	Tatam	is pervaded	व्याप्त अर्थात् परिपूर्ण है	व्याप्त
विश्वम्	Vishvam	the universe	यह सब जगत्	सर्व जग
अनन्तरूप	Ananta-roopa	O Being of infinite forms!	हे अनतरूप !	हे अनंतरूपा !

अन्वय :- त्वम् आदिदेवः, पुराणः पुरुषः, त्वम् अस्य विश्वस्य परम् निधानम्, (त्वम्) वेत्ता च वेद्यम् परम् धाम च असि । हे अनन्तरूप ! त्वया विश्वम् ततम् ॥ ११ - ३८ ॥

English translation:-

You are the Primal God, the Ancient Being; You are the Supreme Abode of all this universe, You are the Knower, That to be known and the Supreme refuge. By You the entire universe is pervaded, O Being of infinite forms.

हिन्दी अनुवाद :-

आप आदिदेव और सनातन पुरुष हैं आप इस जगत् के परम आश्रय और जानवाले तथा जाननेयोग्य और परम धाम हैं। हे अनन्तरूप! आप से यह सब जगत् व्याप्त अर्थात् परिपूर्ण है।

मराठी भाषान्तर :-

आपण आदिदेव, पुराणपुरूष आणि या जगाचे परम आधार आहात. आपण ज्ञाते आणि आपणच ज्ञेय आणि आपणच श्रेष्ठ स्थान आहात. हे अनंतरूपा! आपणच हे विश्व विस्तारले अथवा व्यापले आहे.

विनोबांची गीताई :-

देवादि तूं तूं चि पुराण आत्मा जगास ह्या अंतिम आसरा तूं
तूं ज्ञाणतोसी तुज मोक्ष - धामा विस्तारिसी विश्व अनंत - रूपा ॥ ११ - ३८॥

वायुः यमः अग्निः वरुणः शशाङ्कः प्रजापतिः त्वम् प्रपितामहः च ।

नमः नमः ते अस्तु सहस्रकृत्वः पुनः च भूयः अपि नमः नमः ते ॥ ११ - ३९॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
वायुः	VaayuH	Wind god	वायु	वायू
यमः	YamaH	God of death	यमराज	यम
अग्निः	AgniH	Fire god	अग्नि	अग्नी
वरुणः	VaruNaH	Sea god	वरुण	वरूण
शशाङ्कः	ShashaankaH	moon	चन्द्रमा	चंद्र
प्रजापतिः	PrajaapatiH	Brahma the creator god	प्रजा के स्वामी ब्रह्मा	ब्रह्मदेव (प्रजांचा स्वामी)
त्वम्	Tvam	You	आप	आपण
प्रपितामहः	Prapitaa-mahaH	Great grand-father	ब्रह्मा के भी पिता हो	ब्रह्मदेवाचे पिता
च	Cha	and	और	आणि
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	नमस्कार
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	नमस्कार
ते	Te	to You	आपके लिये	आपणास
अस्तु	Astu	be	हो	असो
सहस्रकृत्वः	Sahasra-kritvaa	thousand times	हजारों बार	हजार वेळा
पुनः	PunaH	again	बार	पुन्हा
च	Cha	and	बार	आणि
भूयः	BhuyaH	again	फिर	पुन्हा
अपि	Api	also / even	भी	आणखी
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	नमस्कार
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	नमस्कार असो
ते	Te	To You	आप के लिये	आपणास

अन्वय :- त्वम् वायुः , यमः , अग्निः , वरुणः , शशाङ्कः , प्रजापतिः च प्रपितामहः (असि) , ते सहस्रकृत्वः नमः नमः , पुनः च भूयः अपि ते नमः नमः अस्तु ॥ ११ - ३९ ॥

English translation:-

You are the wind god, god of death, fire god, sea god, moon god, Brahma the creator god and great-grandfather; salutation, salutation to You a thousand times, and again and again salutation, salutation to You.

हिन्दी अनुवाद :-

आप वायु यमराज अग्नि , वरूण , चन्द्रमा प्रजा के स्वामी ब्रह्मा और ब्रह्मा के भी पिता हैं । आप के लिये हजारों बार नमस्कार ! नमस्कार हो !! आप के लिये फिर भी बार बार नमस्कार ! नमस्कार !!

मराठी भाषान्तर :-

आपणच वायू , यम , अग्नी , वरुण , चंद्र , प्रजापती (ब्रह्मदेव) आणि सर्वांचे पणजोबा आपणच आहात . आपणाला हजारदा नमस्कार असो आणि वारंवार नमस्कार असो .

विनोबांची गीताई :-

तूं अग्नि तूं वायु समस्त देव प्रजापते तूं चि पिता वडील

असो नमस्कार सहस्र वार पुन्हां पुन्हां आणि पुन्हां पुन्हां हि ॥ ११ - ३९ ॥

नमः पुरस्तात् अथ पृष्ठतः ते नमः अस्तु ते सर्वतः एव सर्व ।

अनन्तवीर्य अमितविक्रमः त्वम् सर्वम् समाप्नोषि ततः असि सर्वः ॥ ११ - ४० ॥

शब्द	शब्द उच्चार	English	हिन्दी	मराठी
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार हो	नमस्कार असो
पुरस्तात्	Purastaat	from front side	आगे से	पुढून
अथ	Atha	also	और	आणि
पृष्ठतः	PriShTaH	from back side	पीछे से भी	मागून
ते	Te	To You	आप के लिये	आपणास
नमः	NamaH	salutation	नमस्कार	नमस्कार
अस्तु	Astu	be	हो	असो
ते	Te	To You	आप के लिये	आपणास
सर्वतः	SarvataH	from every side	सब ओर से	सर्व बाजूंनी
एव	Eva	also	ही	च
सर्व	Sarva	O all (pervasive)!	हे सर्वात्मन् !	हे सर्वात्मन् !
